हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 घर-घर पहुंचा गायत्री महायज्ञ का संदेश 108 परिवारों ...



14 सेवा और जनभागीदारी से मजबूत होता है समाज



खबर संक्षेप

नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

तिल्दा-नेवरा। नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में तिल्दा-नेवरा पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 296, 115(2), 351(2), 3(5) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने शोभू साहू (19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 19, जोता फाटक के पास, तिल्दा, थाना तिल्दा-नेवरा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

100 मीटर दौड़ में दिगेंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

सुहेला। गुड शेफर्ड हाई स्कूल नवापारा के कक्षा 8वीं के प्रतिभाशाली छात्र दिगेंद्र निषाद ने 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिगेंद्र ने 100 मीटर की दौड़ मात्र 11 सेकंड में पूरी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्रेम दांडेकर ने कहा कि दिगेंद्र निषाद की यह सफलता उसकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। दिगेंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर चयन अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।



लोक मंजीरा सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

पलारी। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में जागृति गणेशोत्सव समिति देवसुंद्रा के तत्वावधान में शानदार छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक मंजीरा का आयोजन सोमवार 21 सितंबर को किया जाएगा लोक गायिका पायल साहू कार्यक्रम को आवाज देंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री होंगे, अध्यक्षता राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास जी महाराज पूर्व गौसेवा ▸▸ शेष पेज 10 पर



ग्राम डमरू को सौगातः शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक बनेगी पक्की

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार। बलौदाबाजार जिले के प्राचीन एवं ऐतिहासिक ग्राम डमरू को पुरातात्विक पहचान दिलाने और इसकी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को ग्राम डमरू पहुंचकर पुरातात्विक स्थलों और प्राचीन मंदिरों का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पुरातात्विक अवशेषों के सुव्यवस्थित संरक्षण तथा उत्खनन कार्य पुनः शुरू कराने के प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण की तत्काल स्वीकृति प्रदान की। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भ्रमण के दौरान सबसे पहले गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं महामाया मंदिर में माता का दर्शन व पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन शिलाओं तथा पुरातत्व विभाग द्वारा कमरे में सुरक्षित रखे गए पुरातात्विक अवशेषों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने इन बहुमूल्य ऐतिहासिक संपदाओं को सुरक्षित रखने के लिए विभाग को प्रस्ताव प्रेषित रने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। ज्ञातव्य है कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से करीब 14 किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम डमरू एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। यहाँ छत्तीसगढ़ संस्कृति ▸▸ शेष पेज 10 पर



डमरू के पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की पहल

उत्खनन कार्य पुनः शुरू करने पर जोर

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरातत्व संचालनालय द्वारा मंदिर के पास पूर्व में उत्खनित किए गए दो टीलों का भी जायजा लिया। ग्राम डमरू को एक प्रमुख प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित करने के लिए उन्होंने इन टीलों का उत्खनन कार्य पुनः शुरू कराने पर जोर दिया और इस संबंध में आवश्यक विभागीय पहल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर जानकारी ली और उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग न होने की समस्या बताते हुए पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही सड़क निर्माण की स्वीकृति दी और अधिकारियों को इसका प्रक्कलन शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने गांव के मुख्य मुक्ति धाम पर निर्माणाधीन शेड निर्माण का भी जायजा लिया और समय पर निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये।

वारदात : पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

ग्राम सिंगापुर में अधेड़ की पत्थर से कुचलकर हत्या, आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगापुर (इंद्रा कॉलोनी, कोदवा रोड) में 52 वर्षीय अधेड़ की पत्थर से कुचलकर नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, 20 सितंबर को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि इंद्रा कॉलोनी में राजा राम उर्फ चोटी साहू (52 वर्ष), पिता महत्तर उर्फ बनिया साहू का शव पड़ा हुआ है। अज्ञात आरोपी द्वारा चेहरे पर भारी पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही एसडीओपी भाटापारा, ग्रामीण थाना पुलिस, निपनिया सहायता केंद्र प्रभारी, फॉरेंसिक और साइबर सेल बलौदाबाजार की संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू की। मामले की जानकारी देते हुए एसडीओपी तारेश साहू ने बताया कि प्राथमिक जांच के आधार पर वारदात 19 और 20 सितंबर की दरमियानी रात की प्रतीत हो रही है। आरोपी ने किसी भारी व वजनी पत्थर से चेहरे पर हमला कर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हत्या के कारणों का सुराग लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास गहन छानबीन जारी है।





आकाशी बिजली की चपेट में आया किशोर, मौत

पलारी। पलारी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरिया में रविवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है, प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं के छात्र योगेश कुमार (लक्की) कनौजे पिता राजूराम कनोजे दोपहर 2 बजे खेत गया हुआ था इसी दरमियान आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया। खबर मिलते ही मृतक को आनन फ्रानन में पलारी सीएससी पहुंचाया गया जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित किया है, घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। मृतक का पीएम सोमवार किया जाएगा साथ ही अपील की गई है कि विगत दो दिनों में मौसम के बदलाव के कारण अंचल में जबरदस्त तरीके से गरजना के साथ बिजली चमक रही है इसलिए ऐहतियात बरते।

धारदार चाकू लेकर राहगीरों में दहशत फैलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

गणेश पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस द्वारा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के बन्नू बाई तालाब, जोता रोड तिल्दा तथा प्राथमिक शाला के सामने सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर दहशत का माहौल बनाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान तीन आरोपियों को पकड़ा गया। इनमें मोतीचंद उर्फ मोचन चौहान (32), निवासी मिशन कॉलोनी तिल्दा तथा सोहन जैन उर्फ नंदू (23), निवासी तिल्दा के कब्जे से एक-एक धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। वहीं आकाश कडरा (22), पिता बलराम कडरा, निवासी सासाहोली, तिल्दा-नेवरा के विरुद्ध धारा 170 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल दो धारदार चाकू बरामद किए हैं। तिल्दा-नेवरा पुलिस ने कहा कि गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने, राहगीरों को डराने-धमकाने, अड्डेबाजी अथवा अन्य ▸▸ शेष पेज 10 पर



चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। शहर थाना पुलिस टीम द्वारा परशुराम वार्ड भाटापारा में आम जनता को धारदार चाकू दिखाकर डराने-धमकाने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 19 सितंबर को शहर पुलिस की टीम टाउन पेट्रोलिंग पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नाका नंबर 01 परशुराम वार्ड के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में स्टील का धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना कुलदीप उर्फ महेश साहू पिता लक्ष्मण साहू, उम्र 20 वर्ष निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू (कुल लंबाई 27.5 सेमी, फल की लंबाई 16.5 सेमी) बरामद हुआ। आरोपी का यह कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पाए जाने पर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



शराब पीकर वाहन चलाने पर दो चालकों पर 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हथबंद

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान थाना हथबंद पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर दो वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा। पुलिस ने दोनों वाहनों को विधिवत जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। 16 सितंबर को न्यायालय ने दोनों मामलों में कुल 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। पहले प्रकरण में वाहन चालक पर 10 हजार तथा दूसरे प्रकरण ▸▸ शेष पेज 10 पर



शांति-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस के लिए गिधौरी में 65 लोहे के कड़े जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

विश्वकर्मा जयंती और विभिन्न स्थानों पर आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिलेभर में विशेष सतर्कता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में पुलिस टीमों ने सार्वजनिक आयोजनों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग के साथ संदिग्ध युवकों को समझाइश दी। इस दौरान भारी लोहे के कड़े एवं चूड़े उतरवाने की कार्रवाई भी की गई। रोहांसी में युवकों की जांचः थाना पलारी क्षेत्र के ग्राम रोहांसी में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित डांस कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी। पुलिस टीम ने कार्यक्रम स्थल पर संदिग्ध एवं असामाजिक प्रवृत्ति के युवकों की जांच की। विवाद अथवा अप्रिय स्थिति में लोहे के कड़ों के संभावित दुरुपयोग को देखते हुए युवकों से हाथों में पहने कड़े उतरवाए गए। लवन में समझाइश और गश्तः थाना लवन क्षेत्र में भी पुलिस ने प्रमुख सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त बढ़ाई। पुलिस ने युवकों को भारी ▸▸ शेष पेज 10 पर



प्रभारी प्राचार्य से अभद्रताः हिस्ट्रीशीटर आशीष समेत चार की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

शहर के एक प्रतिष्ठित शासकीय स्कूल की प्रभारी प्राचार्य ने हिस्ट्रीशीटर आशीष शुक्ला सहित चार लोगों पर बिना अनुमति कार्यालय में प्रवेश कर अभद्रता करने, जबरन वीडियो बनाने, नारेबाजी करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। प्राचार्य वंदनी श्रीवास्तव ने सिटी कोतवाली में आवेदन देकर आशीष शुक्ला एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है। प्राचार्य के अनुसार 17 सितंबर की शाम करीब 4:30 बजे स्कूल में सेवा संकल्प कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं। वह अपने कार्यालय में विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों के साथ एक शिकायत के संबंध में चर्चा कर रही थीं। इसी दौरान आशीष शुक्ला अपने साथियों के साथ कथित तौर पर कार्यालय का दरवाजा धक्का देकर अंदर आ गया। प्राचार्य का आरोप है कि उन्होंने बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद वहां मौजूद लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी और वीडियो बनाना जारी रखा। शिकायत में प्राचार्य ने बताया कि उस समय कार्यालय के आसपास नाबालिग छात्र-छात्राएं मौजूद थे। उन्होंने बाहरी लोगों द्वारा बिना अनुमति वीडियो बनाने का विरोध किया। आरोप है कि मना करने के बावजूद वीडियो बनाया गया। प्राचार्य ने मोबाइल से रिकॉर्डिंग रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके बाद उनके खिलाफ नारेबाजी कर सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

- साथियों के साथ कार्यालय में जबरन प्रवेश, वीडियो बनाने और नारेबाजी की शिकायत;



पहले भी स्कूल में पहुंचने का आरोप

प्राचार्य ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आशीष शुक्ला और उसके साथियों द्वारा पूर्व में भी स्कूल परिसर में आकर उनके खिलाफ वीडियो बनाए गए और सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियों के कारण उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और स्कूल की छवि प्रभावित हो रही है। प्राचार्य की शिकायत में आशीष शुक्ला के खिलाफ पूर्व में हुई पुलिस कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया है। आवेदन के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस ने 7 नवंबर 2025 को उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को इस्तगासा भेजा था। इसमें पुलिस ने उसे आदतन अपराधी प्रवृत्ति का बताते हुए 6 नवंबर 2025 तक उसके खिलाफ चार अपराध दर्ज होने का उल्लेख किया था। शिकायत के अनुसार 19 अगस्त 2026 को भी उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को इस्तगासा भेजा गया है। प्राचार्य ने आरोप लगाया है कि पूर्व में पुलिस स्तर से कार्रवाई की अनुशंसा के बावजूद आशीष शुक्ला की गतिविधियों पर प्रभावी रोक नहीं लगी है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

86 अवैध बिजली कनेक्शन धारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार विद्युत संभाग के तीनों उपसंभाग बलौदाबाजार, पलारी और लवन के अंतर्गत आने वाले 10 वितरण केन्द्रों में सीएसपीडीसीएल द्वारा सघन जॉच अभियान चलाया गया। । बलौदाबाजार विद्युत संभाग के कुल 176 कनेक्शनों का जॉच किया गया जिनमें से 86 कनेक्शनों में अनाधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग विद्युत चोरी करते हुए पाया गया। इन उपभोक्ताओं को विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138 के तहत थाने में अपराध दर्ज करने के लिए प्रस्तुत किया जायेगा।



जांच के लिए मुख्य अभियंता एके लखेरा के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वृत्त के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 17 टीम का गठन कर जॉच अभियान चलाया गया। यह जॉच विशेषकर ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक करने के लिए था जिनका कनेक्शन पूर्व में ऑन लाईन डिस्कनेक्शन, रिमोट डिस्कनेक्शन के माध्यम से काटा गया था क्योंकि उनके द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया था। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता (वृत्त) जीपी अनंत ने बताया कि इस तरह के अभियान जारी रहेंगें। इसलिए उन्होने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि मीटर के माध्यम से विद्युत का उपयोग करें एवं हर महिनें विद्युत बिल का समय पर भुगतान करें। ▸▸ शेष पेज 10 पर

केशला में 32 लाख के महतारी सदन का लोकार्पण

महिलाओं की सामाजिक गतिविधियों को महतारी सदन से मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए 32 लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्राम केशला के महतारी सदन का विधायक इंद्र साव ने फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया। साथ ही रंगमंच निर्माण का भूमि पूजन भी किया गया, इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महतारी सदन के निर्माण से महिलाओं को विभिन्न सामाजिक, सामुदायिक एव कार्यक्रम के दौरान विधायक इंद्र साव ने महतारी सदन को केशला ग्राम के लिए उपयोगी सौगात बताते हुए कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और उनके लिए सामुदायिक गतिविधियों को सुगम बनाने में ऐसे भवन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने निर्माण कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की कार्यक्रम के पूर्व विधायक इंद्र साव का ग्राम केशला पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलापंचायत सदस्य अमर मंडावी, रमाशंकर पटेल, करहीबाजार मंडल अध्यक्ष कोमल साहू, जागेश्वर ध्रुव,सरपंच पंचबाई अंजान,उपसरपंच दादूराम पटेल , जहुर सिंग मरावी, संतराम निषाद, रामबिलास साहू, कालीचरण साहू, विष्णु ध्रुव, कैलास अंजान , राकेश जगत सहित अठारह स्व सहायता समूह के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



बुजुर्ग द्वारिका प्रसाद को मिला नजर का चश्मा

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर ग्राम डमरू निवासी द्वारिका प्रसाद को तत्काल नजर का चश्मा उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर श्री शर्मा शनिवार को ग्राम डमरू स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीण बुजुर्ग द्वारिका प्रसाद ने कलेक्टर से आंखों से संबंधित अपनी समस्या साझा करते हुए चश्मे की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने ग्रामीण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश के तत्काल बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्री द्वारिका प्रसाद की आंखों की जांच कर उन्हें नजर का चश्मा उपलब्ध कराया गया। चश्मा मिलने पर द्वारिका प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

संत रामपाल के सानिध्य में 17 मिनट में हुआ विवाह



बलौदाबाजार। जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दहेज प्रथा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश देते हुए पलक दासी, बेमेतरा और चेतन दास, दुर्ग का दहेज-मुक्त विवाह कराया गया। आयोजकों के अनुसार विवाह मात्र 17 मिनट में बिना दहेज, अनावश्यक खर्च और दिखावे के संपन्न हुआ। सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने भक्ति, दहेज प्रथा, जातिवाद, नशामुक्ति, विवाह पद्धति और सामाजिक सुधार से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने दहेज एवं विवाह में होने वाले फिजूलखर्च का विरोध करते हुए सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही जातिगत भेदभाव समाप्त करने और अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने संबंधी विचार रखे। उन्होंने माता-पिता की सेवा को संतान का कर्तव्य बताते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं होने की बात कही। कार्यक्रम में शास्त्रों और धार्मिक मान्यताओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।

पायल ने रजिस्ट्री में बचाए 1.32 लाख रुपये, बेटी के बचत खाते में जमा की पूरी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एक महिला के लिए अपने नाम संपत्ति होना आर्थिक सुरक्षा का आधार बना और पंजीयन शुल्क में मिली बचत ने उसकी बेटी के भविष्य के लिए एक नई उम्मीद जोड़ दी। बलौदाबाजार की पायल भट्टर के लिए संपत्ति की रजिस्ट्री के दौरान मिली 50 प्रतिशत की पंजीयन शुल्क छूट महज आर्थिक राहत नहीं रही, बल्कि यह उनकी बेटी के भविष्य के लिए बचत का अवसर बन गई। पंजीयन शुल्क में छूट से बचे 1 लाख 32 हजार रुपये उन्होंने अपनी बेटी के बचत खाते में जमा कर दिए हैं। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं के जमीनी प्रभाव को जाना जा रहा है। इसी संवाद के दौरान पायल भट्टर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंजीयन शुल्क में मिली राहत से संपत्ति खरीदने का खर्च कम हुआ और बची राशि को उन्होंने बेटी के भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय लिया। पायल भट्टर ने बताया कि महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन पर मिलने वाली शुल्क छूट से उन्हें 1 लाख 32 हजार रुपये की बचत हुई। उन्होंने इस राशि को खर्च करने के बजाय अपनी बेटी के बचत खाते में जमा करने का निर्णय लिया, ताकि भविष्य में शिक्षा, जरूरत या किसी महत्वपूर्ण अवसर पर यह राशि उसके काम आ सके।

सेवा संकल्प अभियान : पंजीयन शुल्क में मिली राहत बनी बेटी के भविष्य की बचत

महिला के नाम संपत्ति, परिवार के भविष्य को भी मजबूती

श्रीमती भट्टर ने महिलाओं के नाम संपत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए पंजीयन शुल्क में दी जा रही रियायत को परिवारों के लिए आर्थिक राहत देने वाला निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि अपने नाम संपत्ति होने से महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना मजबूत होती है। पंजीयन शुल्क में बची राशि को बेटी के नाम सुरक्षित करना उनके लिए इस निर्णय का एक अतिरिक्त लाभ बन गया। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वित्त एवं पंजीयन मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।



महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क की छूट

राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के पक्ष में अचल संपत्ति के अंतरण से संबंधित दस्तावेजों पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत दी जा रही है। इसके तहत पंजीयन शुल्क की दर 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है। इस पहल का उद्देश्य संपत्ति स्वामित्व में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक राहत उपलब्ध कराना है।

आयोजन : गायत्री मंदिर में यज्ञ के बाद घर-घर पहुंचे आचार्य

घर-घर पहुंचा गायत्री महायज्ञ का संदेश 108 परिवारों ने दी यज्ञ में आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विश्व शांति, आरोग्य और सकारात्मक वातावरण के लिए रविवार को गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत तिल्दा-नेवरा के विभिन्न क्षेत्रों के 108 घरों में एक साथ गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य घर-घर यज्ञ परंपरा को जागृत करना, आध्यात्मिक एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना तथा नए परिवारों को गायत्री परिवार के मिशन से जोड़ना था। अभियान के तहत देश-विदेश में गायत्री परिवार से जुड़े परिजन निर्धारित समय पर अपने घरों में गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित करते हैं। तिल्दा स्थित गायत्री मंदिर में महिला मंडल और गायत्री परिवार से जुड़े लोग परिवार सहित पहुंचे। बलौदाबाजार, भाटापारा, सुहेला और कसडोल क्षेत्र से भी गायत्री परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। सर्वप्रथम गायत्री मंदिर में यज्ञ कर आहुतियां अर्पित की गईं। इसके बाद शिक्षक कॉलोनी, सोनी हॉस्पिटल के पीछे स्थित कॉलोनी और कोहका रोड क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों के 108 घरों में आचार्यों ने गृहे-गृहे यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम के बाद दाउलाल वर्मा और घनश्याम वर्मा ने यज्ञ संपन्न कराने वाले आचार्यों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में दाउलाल वर्मा, घनश्याम वर्मा, जयनारायण अग्रवाल, रूपवती वर्मा, कुसुम वर्मा, चंपा वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, कल्याणी वर्मा, लक्ष्मण वर्मा सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य शामिल हुए।

ज्ञान और कर्म जीवन रथ के दो पहिए

जयनारायण अग्रवाल ने कहा कि गायत्री और यज्ञ हमारी संस्कृति के माता-पिता हैं। गायत्री हमें जीवन जीने का दर्शन दिखाती है और यज्ञ हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। ज्ञान और कर्म जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव समाज अनास्था के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में गायत्री और यज्ञ की प्रेरणा का महत्व और बढ़ जाता है। कुसुम वर्मा ने कहा कि आज साधन तो बहुत हैं, लेकिन साधना का अभाव है। इसी कारण ज्ञान, धन और शक्ति उपलब्ध होने के बाद भी मनुष्य को सुख, शांति और संतुष्टि नहीं मिल पा रही है। स्थायी शांति और संतुष्टि के लिए गायत्री उपासना और यज्ञ को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वेदमाता, देवमाता और विश्वमाता गायत्री की उपासना तथा त्याग, परोपकार और संगठन की प्रेरणा देने वाला यज्ञ विश्व शांति के लिए आवश्यक है।

विराजे गणपति ...



तिल्दा-सरोरा। जेएमडी ग्रुप रामयाण चौक सरोरा।

घोटिया के शीतला चौक में विराजे गणपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर





गणेश उत्सव के अवसर पर घोटिया के शीतला चौक में गणेश समिति द्वारा स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 11 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण भगवान श्री गणेश के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक शीतला चौक भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आ रहा है। गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए घोटिया सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश से सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना कर रहे हैं। समिति द्वारा प्रतिदिन पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। 11 दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी भगवान श्री गणेश की सेवा और पूजा में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। श्रद्धालु अपनी श्रद्धानुसार भोग अर्पित कर आरती में शामिल हो रहे हैं। शाम के समय आरती के दौरान शीतला चौक गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठता है। समिति के सदस्य पंडाल एवं आसपास के क्षेत्र की व्यवस्था संभालने के साथ श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। गणेश उत्सव के चलते शीतला चौक सहित पूरे घोटिया क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गणपति बप्पा के आगमन से गांव में सकारात्मक ऊर्जा के साथ भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है।

गोपालपुर में 50 फीट के दायरे में दुकानें और मकान, बेदखली के डर से पलायन की आशंका

गोपालपुर। नेशनल हाइवे 130 बी रोड रायपुर से सारंगढ़ तक निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है। लेकिन प्रशासन की ओर जमीन की प्रक्रिया के कार्य चल रहा है। लोगों को संशय बना हुआ था। लेकिन अब संशय दूर होते हुए नजर आ रहा है। विभाग के अधिकारी एवं पटवारी के संयुक्त टीम ने गोपालपुर में 50 फीट जमीन लेकर चिन्हांकित किया है। जिसमें में रोड के सभी होटल, दुकान 50 फीट के दायरे में आ रहा है। सभी दुकानदारो को चिंता सताया हुआ है। कहा की व्यवसाय स्थापित किया जाय? चर्चा करने पर व्यावसायिक ने बताया कि हम लोगों को लोन के किस्ती पटाने में दिक्कत होगा एवं परिवार के परिवरीस करने में परेशानी झेलनी पड़ेगी। रोजी- रोटी के तलाश में पलायन होने में मजबूर हो जाएंगे। कुछ लोगों का मकान टूट रहा है लेकिन गरीब होने के कारण लेकिन सिर छुपाने के लिए मकान नहीं बना पाएंगे। ऐसे कई एक परिवार है जो बहुत चिंतित नजर आ रहे है। मिली जानकारी अनुसार पता चला है कि रोड के सभी बिजली खंभा को हटाने के लिए आदेशित हो गया है। रोड किनारे में जितने भी पेड़ है उनको ही नंबरीग कर चुके है। प्रशासन द्वारा लगभग सभी प्रक्रिया पुर्णत की ओर से ऐसा प्रतीत होता है।

बिना लाइसेंस कीटनाशक बेचने पर कार्रवाई

बिलाईगढ़/भटगांव/गोपालपुर। जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं मानक कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 सितंबर को कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश एवं उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विकासखंड बिलाईगढ़ के विभिन्न कीटनाशक विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम बेंगपाली में देवेन्द्र साहू द्वारा बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के कीटनाशक विक्रय किए जाने की सूचना पर कृषि विभाग की टीम ने संबंधित



प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। जांच में देवेन्द्र साहू को बिना वैध लाइसेंस के कीटनाशक विक्रय करते हुए पाया गया। मामले में कृषि विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके पर भंडारित समस्त कीटनाशकों को जब्ती पंचनामा तैयार कर जब्त किया तथा संबंधित के सुपुर्दगी में रखा गया। इसके साथ ही कीटनाशकों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने और अनधिकृत रूप से कीटनाशकों के विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरीक्षण एवं कार्रवाई का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। निरीक्षण दल में जिला निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, कृषि विकास अधिकारी उमेद्र साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीनानाथ साहू, मायाराम जोल्हे तथा ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर प्रकाश कुमार थवाईत उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष

ग्राम डमरू को ...

एवं पुरातत्व संचालनालय द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से डॉ. शिवकांत बाजपेयी के निर्देशन में वर्ष 2013 से 2015 के दौरान दो टीलों का उत्खनन किया गया। पुरातात्विक खुदाई के दौरान पहली बार भगवान बुद्ध के चरणों का चिन्ह मिला। यह चिन्ह मध्य भारत में पहली बार मिला है।भगवान बुद्ध के पद चिन्ह मिलना इस बात का प्रमाण है कि पहली से पांचवीं सदी के बीच डमरू हीनयान समुदाय का प्रमुख केंद्र रहा होगा।

धारदार चाकू लेकर...

असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ वैधानिक एवं निरोधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से गणेश पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा किसी भी संदिग्ध अथवा असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

शराब पीकर वाहन...

में 15 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। पुलिस के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए दोनों चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शांति-व्यवस्था बनाए...

लोहे के कड़े-चूड़े का अनुचित इस्तेमाल नहीं करने की समझाइश दी। साथ ही आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। थाना गिधौरी क्षेत्र में आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुलिस ने असामाजिक गतिविधियों की आशंका को देखते हुए युवकों की सघन जांच की। इस दौरान 65 लोहे के कड़े जब्त किए गए। पुलिस ने कार्यक्रम में हुड़दंग या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने के लिए मौके पर युवकों को कड़ी समझाइश भी दी। पुलिस के अनुसार त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लोक मंजीरा सांस्कृतिक

आयोग अध्यक्ष, संदीप साहू विधायक, दुर्गा महेश्वर अजा आयोग सदस्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी, महेंद्र मोनू साहू जिप सदस्य,दोलतराम पाल जनपद अध्यक्ष सिमगा, अघनी आडिल जनपद उपाध्यक्ष पलारी, धन्नू साहू साहू छात्रावास समिति अध्यक्ष, मिथलेश मुकेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष संडी, डॉ. गोविंद साहू प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा, चंद्रप्रभा साहू जनपद सदस्य सभापति पलारी,अभीराम साहू सरपंच देवसुन्दरा, नमिता भूषण वर्मा सरपंच सर्रा, बिंदा पदुम साहू सरपंच खपरी, नीलकंठ यादव सरपंच गाड़ाभाठा, संतोषी ध्रुव सरपंच टीला होंगे।

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में 39वें राष्ट्रीय खेल पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक होटल तिल्दा बिस्ट्रो में आयोजित की गई। बैठक में स्वर्गीय प्रमोद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। संघ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, राज्य चैंपियनशिप, जिला इकाइयों की संबद्धता सहित संगठनात्मक एवं वित्तीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों से ऑनलाइन संवाद किया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल तथा नेटबॉल खेल के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी। फेडरेशन के ऑब्जर्वर पवन पटले भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में 14 जून 2026 को जांजगीर-चांपा में आयोजित विशेष आम सभा (एसजीएम) के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट पर विचार कर उसे स्वीकृति दी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लेखा परीक्षक की नियुक्ति एवं उनके पारिश्रमिक के निर्धारण पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की जिला इकाइयों को दी गई अस्थायी संबद्धता, आगामी राष्ट्रीय आयोजनों, मेघालय में प्रस्तावित 39वें राष्ट्रीय खेलों, आगामी राज्य चैंपियनशिप तथा वर्ष 2027-28 और 2028-29 के वार्षिक खेल कैलेंडर पर विचार-विमर्श किया गया। जिला इकाइयों के अभिलेखों एवं दस्तावेजों के व्यवस्थित रखरखाव को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ में नेटबॉल खेल के विस्तार, जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के अवसर उपलब्ध कराने तथा आगामी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर जोर दिया गया। अंत में अनिल सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नेटबॉल के विकास के लिए सभी जिला इकाइयों को आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करना होगा।

नियमों के पालन पर बनी सहमति

महासचिव राजेश राठौर ने संगठनात्मक नियमों एवं जिला इकाइयों की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी संबद्ध जिला इकाइयों को संघ के निर्धारित नियमों तथा चुनाव संबंधी प्रावधानों का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि 14 जून को जांजगीर-चांपा में आयोजित एसजीएम में भी इन विषयों पर चर्चा की गई थी। वार्षिक बैठक में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निर्धारित नियमों एवं शर्तों के पालन पर सहमति जताई। बैठक में जांजगीर-चांपा, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, कांकेर, बस्तर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, बलौदाबाजार-भाटापारा, जशपुर, सूरजपुर, कोरबा, बेमेतरा, बिलासपुर और महासमुंद सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक में 14 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज भरूवाडीह। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की बैठक 18 सितंबर को ग्राम परसाठीह में राज प्रधान श्रीमती सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी तथा समाज के पुरोधाओं एवं महापुरुषों के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। ग्राम इकाई के सदस्यों ने पदाधिकारियों का तिलक, पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। राज प्रधान सुनीता वर्मा ने कहा कि समाज की बैठकों का उद्देश्य सामाजिक विधान के अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से पारिवारिक मतभेदों का समाधान कर समाज में एकजुटता और आपसी प्रेम का वातावरण बनाना है। बैठक में कुल 17 प्रकरणों की सुनवाई हुई, जिनमें से 14 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। दो प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय स्तर पर भेजे गए, जबकि एक प्रकरण को आगामी बैठक में



निराकरण के लिए रखा गया।इस अवसर पर संरक्षक नरसिंह वर्मा, धर्मेंद्र सरसीहा, नरेंद्र वर्मा, कोपराम वर्मा, उपराज प्रधान कीर्ति वर्मा सहित राज एवं केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां एवं वरिष्ठजन भी बैठक में शामिल हुए। अंत में जितेंद्र वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

8 युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

भाटापारा। भाजपा सरकार की कथित नाकामियों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर नाराजगी जताते हुए राजपुर क्षेत्र के युवाओं ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। विधायक इंद्र साव की उपस्थिति में युवाओं ने कांग्रेस में प्रवेश करते हुए पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। विधायक इन्द्र साव ने नवप्रवेशी युवाओं का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कांग्रेस में शामिल हुए युवाओं ने भाजपा सरकार के कामकाज को लेकर सवाल उठाते हुए रोजगार, महंगाई, युवाओं के भविष्य तथा जनहित से जुड़े अन्य प्रमुख मुद्दों पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर, आम



जनता को राहत और क्षेत्र के विकास के लिए प्रभावी कार्यों की आवश्यकता है। इन्हीं मुद्दों को लेकर उन्होंने कांग्रेस के साथ जुड़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने युवाओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि युवा किसी भी संगठन की ताकत होते हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने नवप्रवेशी युवाओं का स्वागत किया। 8 युवाओं जिसमे संतीश साहू, दीपक खरे, संतोष साहू, चुनेश टंडन, उमराव साहू, विक्की साहू, राजा साहू, एवं ललित साहू के कांग्रेस में शामिल होने से स्थानीय संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर करहीबाजार कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कोमल साहू उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



व्याख्याता मदनलाल तोमर शिक्षक सम्मान से सम्मानित

बिलाईगढ़। राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ द्वारा 19 सितंबर को रायगढ़ नगर निगम सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में पदस्थ व्याख्याता मदनलाल तोमर को स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे करीब 200 शिक्षकों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि जगन्नाथ पाणिग्राही, अध्यक्ष संजय अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों का सम्मान किया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने शैक्षिक नवाचार एवं गुणवत्ता सुधार पर विचार साझा किए। इसी अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डीपापारा सलिहा के शिक्षक जगेश्वर प्रसाद गहीर को भी सम्मानित किया गया।

डॉ. संजय को मिलेगा नेशनल स्कूल लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड

बलौदाबाजार। अम्बुजा विद्यापीठ, रावन के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और अकादमिक योगदान के लिए 'नेशनल स्कूल लीडर ऑफ द ईयर 2026' अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन प्रिंसिपल्स की ओर से उन्हें आधिकारिक ई-मेल के माध्यम से चयन की जानकारी देते हुए सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। डॉ. पाण्डेय के 20 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अलावा बच्चों की परवरिश एवं मार्गदर्शन पर आधारित उनकी पुस्तक 'पॉजिटिव पैरेंटिंग' भी प्रकाशित हो चुकी है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण संसाधनों एवं नवाचारों को बढ़ावा देने में भी उनका योगदान बताया गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार एवं शिखर सम्मेलन का आयोजन 10 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के सिल्वर ओक हॉल में होगा। समारोह में देशभर के शिक्षाविदों एवं स्कूल प्रमुखों की सहभागिता रहेगी। इस दौरान आधुनिक शिक्षा पद्धति, स्कूली नेतृत्व एवं भविष्य की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा होगी।



विद्यार्थियों को रोजगार की दी गई जानकारी

महासमुंद। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर, बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के ग्रंथपाल अजय कुमार वास ने विद्यार्थियों को एनसीएस पर पंजीयन, अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुरूप सरकारी एवं निजी क्षेत्र की नौकरियां खोजने तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

आयोजन : दीपों से जगमगाया कसडोल नगर, गंगा आरती में गूंजा राष्ट्रभावना का संदेश

सेवा और जनभागीदारी से मजबूत होता है समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कसडोल नगर में सेवा, संस्कार और राष्ट्रभावना से जुड़ा भव्य आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में शाम 6 बजे बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर में दीप प्रज्वलन कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय एवं राष्ट्रभावना से ओतप्रोत नजर आया।

कलश यात्रा के समापन के बाद गतवा तालाब में भव्य दीप प्रज्वलन एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने दीप प्रज्वलित कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। तालाब परिसर में दीपों की रोशनी और गंगा आरती के दौरान भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।



विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सहयोग से नगर के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्कूलों की टीम के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि सेवा, संस्कार और जनभागीदारी से जुड़े आयोजन समाज में एकता, सकारात्मक सोच और राष्ट्रभावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में नगरवासियों की सहभागिता सामाजिक समरसता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाती है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा श्याम बाई साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण, नगर पंचायत के सभापति एवं पार्षदगण, ऐल्डरमैन, सीएमओ मनीष वारे, बीईओ अरविन्द कुमार ध्रुव एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारीगण, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

अमसेना स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगों और शब्दों में उकेरी विकसित भारत की कल्पना



खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत थीम पर आधारित भव्य चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमसेना में किया गया।प्रथम दिवस विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा आशीर्वाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु जीवन की कामना किया गया । इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल में किए गए कार्यों और विकसित भारत की परिकल्पना को आकर्षक चित्रों में रंगों के जरिये जीवंत कर दिया। वही भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने शिक्षा, पर्यावरण,संरक्षण, आधुनिक तकनीक महिला सशक्तिकरण,भ्रष्टाचार, मुक्त समाज,और रोजगार ,भविष्य के भारत की तस्वीर, देश के विकास में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने अपने विचार व्यक्त किया। इसका उद्देश्य बच्चों की कल्पनाओं और विचारों को परिवार समाज तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी में जनप्रतिनिधि, पालकगण, वरिष्ठ ग्रामीणजन प्रदर्शनीय का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों के इस रचनात्मक प्रतिभा का जमकर प्रशंसा किया और उन्होंने बच्चों के भाषण और चित्रों को देखकर कहा कि देश की उज्ज्वल भविष्य स्पष्ट दिखाईं दे रहा है और एक मजबूत ,स्वच्छ और विकसित राष्ट्र के निर्माण में आज की युवा पीढ़ी की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों ने प्रतियोगिता में बहुतायत में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भारती कोशले 11वीं, द्वितीय चांदनी नारंग 11वी, तृतीय सोनिया साहू 12वीं तथा इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल से प्रथम डिगेश्वरी ध्रुव 7वीं, द्वितीय एकता धृतलहरे 7वी, तृतीय यामिनी राय 6वीं ,हायर सेकेंडरी से प्रथम टामिन विश्वकर्मा 12वीं, द्वितीय जास्मिन बंजारे 12वीं, तृतीय स्थान अंजली बांधे 10वीं ने प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित करते हुए आगामी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य डॉ दिलीप झा, उबारन ढीढी, चंद्रमणि राय, पेन सिंह चतुर्वेदी, रामकिशन राय, रोहित राय, आसमति कोशले के अलावा शिक्षक -शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आज के विद्यार्थी विकसित भारत की मजबूत नींव : नपं अध्यक्ष

कसडोल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल एवं कन्या शाला में विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से शिक्षा, अनुशासन, अच्छे संस्कार, नवाचार, लक्ष्य निर्धारण और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर संवाद किया गया। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहते हुए अपने व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा विषय थीम पर बनाये गए रंगोली और पेंटिंग का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। देश के भविष्य को दिशा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित भारत 2047 के संकल्प से जुड़ने और मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने और अपने भविष्य की नींव मजबूत करने का महत्वपूर्ण समय है। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। इसके साथ ही अच्छे संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नवाचार की सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है।



विद्यार्थियों ने लिया संवाद में हिस्सा

संवाद कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा शिक्षा, लक्ष्य और भविष्य से जुड़े विषयों पर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि बेहतर भविष्य के लिए केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध भी आवश्यक है। विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने और समाज एवं देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर नपं सभापति रामा धीवर, सेजेस विद्यालय के प्राचार्य वी आर मण्डलेश्वर, मिनी माता विद्यालय के प्राचार्य मीना ठाकुर सहित शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राये, पालकगण उपस्थित रहे।

न्योता भोज के साथ विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

खरोरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इल्दा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत न्योता भोज, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं चित्रकला सहित विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सरपंच धनेश साहू, प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चरण साहू एवं प्राचार्य चांदनी यदुवंशी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरपंच धनेश साहू द्वारा विद्यार्थियों को मिठाई एवं फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सरपंच धनेश साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा, सहयोग और राष्ट्रहित की भावना को मजबूत करने का माध्यम है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव को विद्यार्थियों एवं समाज के बीच रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाना प्रेरणादायी पहल है। प्राचार्य चांदनी यदुवंशी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान विद्यार्थियों में सेवा, जिम्मेदारी, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सक्रिय एवं सराहनीय सहयोग रहा। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार, आयोजकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं और कहा कि विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर आयोजित ऐसे कार्यक्रम शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



गांव की सुख-समृद्धि के लिए सत्यनारायण भगवान की पूजा, ग्रामीणों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना को लेकर भगवान सत्यनारायण की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान सत्यनारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हर वर्ष सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर गांव के देवी-देवताओं के साथ भगवान सत्यनारायण की विशेष पूजा की जाती है। इस आयोजन को ग्रामीण परंपरागत रूप से 'इतवार त्योहार' के रूप में मनाते हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। पूजा-अर्चना का विधिवत आयोजन पुरोहित पंडित शेख राम शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने भगवान सत्यनारायण की पूजा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई पूजा से मन में सकारात्मकता आती है तथा परिवार और समाज में सुख-शांति की कामना की जाती है। पूजा के बाद भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच फागू राम सेन, जनपद प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे, मुखी राम साहू, सेवक राम साहू, मदन लाल साहू, नरेंद्र चंद्राकर, काशी राम साहू, शिव ढीढी, किशन सिंह नेताम, शिवदयाल वैष्णव, प्रदीप चंद्राकर गैंद राम सेन बहुर सेन परदेसी सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



महतारी वंदन के बदले स्मार्ट मीटर से लूट रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे एवं ब्लॉक लवन प्रभारी सुनील कुर्रे की मौजूदगी में स्मार्ट मीटर हटाओ आंदोलन के तहत लवन एवं लाहौद मंडल में हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा सरकार की जारी लूट के ख़िलाफ़ जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी जूझती दिख रही है। इसी कड़ी में आज लवन ब्लॉक के लवन नगर एवं ग्राम लाहौद में जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगो को स्मार्ट मीटर लगने के बाद से हो रही बिजली बिल में वृद्धि को लेकर आक्रोश को हस्ताक्षर अभियान में तब्दील किया। जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी के बिजली बिल के संबंध में लोगो से सवाल करने पर यह साफ़ हो गया कि स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के मन में रोष बहुत ज़्यादा है। जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से 300-500 रुपये तक आने वाला बिजली बिल बढ़कर 1200-1500 तक हो गया है जिसके कारण रोजमर्रा के जीवन में गुज़र बसर करने में तकलीफ़ आने लगी है। जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने स्मार्ट मीटर को "महतारी वंदन के बदले में लूट मीटर" का नाम दिया और महिलाओं को अवगत कराते हुए बताया कि मौजूदा भाजपा सरकार महतारी वंदन के 1000 रुपये देकर बदले में 2000 की लूट स्मार्ट मीटर के ज़रिए की जा रही है। हस्ताक्षर अभियान के तहत जिलाध्यक्ष ने सभी से अपील की ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में स्मार्ट मीटर हटाओ आंदोलन को समर्थन करिए जिससे इस बहरी सरकार को अपनी लूट की नीति बंद करनी पड़े।



ये रहे उपस्थित

इस अभियान में जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक प्रभारी सुनील कुर्रे, वरिष्ठ कांग्रेसियों में देवीलाल बार्वे प्रताप डहरिया, जिला महामंत्री सतीश पांडेय, ब्लॉक कांग्रेस लवन के प्रभारी महामंत्री वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, लवन ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवं पार्षद मृत्युंजय पांडेय, किसान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय वर्मा, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कांति मनहरे, राजेश साहू, अंकित साहू, धनकुमार ओधेलिया, अजय बार्वे, येसु दास निराला, गंगेश्री कुर्रे, राकेश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्षगण मोहरचंद सोनबरसा, दौलतराम साहू, अभय तिवारी, आशा कोसरिया, सावित्री साहू, राधेश्याम रात्रे, हिमांशु हलदर, खगेन्द्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, मंगलू यादव, एवं अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

पीएम श्री नवोदय विद्यालय लवन में पालक-शिक्षक परिषद का गठन, 15 पालक बने सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदा बाजार में पालक शिक्षक परिषद गठन की बैठक प्राचार्य श्री डीके ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बलौदाबाजार जिले की 6 ब्लॉक से पालक परिषद के सदस्य चुने गए। विभिन्न ब्लॉक से पालक परिषद के 15 पालक को पालक परिषद के सदस्य के रूप में चयन किया गया।

जिसमें बलोदा बाजार ब्लॉक से ममता पांडे ,जयप्रकाश दुबे, शिव शंकर श्रीवास भाटापारा ब्लॉक से संतोष कुमार ठाकुर, शिवकुमार यादव, सुरेंद्र मार्को, बिलाईगढ़ ब्लॉक से बिहारी लाल साहू, छगनलाल बंजारे, कसडोल ब्लॉक से लक्ष्मी प्रसाद, मन्नू लाल भोई, पद्मावती पुरैना पलारी ब्लाक से धर्मेंद्र रात्रे, नरेंद्र कुमार ध्रुव सिमगा ब्लॉक से शत्रुघ्न वर्मा, भगवान दास मीरी, को पालक परिषद के सदस्य के रूप में चयनित हुए। प्राचार्य डीके ठाकुर को पालक परिषद का अध्यक्ष तथा मंदोदरी सेठ, प्रमोद कुमार, स्मिता मुर्मू, प्रशांत कुमार गायकवाड, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा और पुष्पा केवट को पालक परिषद के विद्यालय स्तर के शिक्षक सदस्य के रूप में चयनित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के छात्राएं द्वारा पालको के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने पालकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की इस वर्ष कि उपलब्धियां के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की। विद्यालय की अध्यापक एस के पांडे ने पालक शिक्षक परिषद के गठन के उद्देश्य के बारे में विशेष जानकारी दी ।

इस कार्यक्रम में जी पी साहू ने विद्यालय स्तर पर आवासीय व्यवस्था तथा पालक की भूमिका के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का के द्वारा किया गया। पालक शिक्षक परिषद गठन की बैठक में विद्यालय के समस्त अध्यापक, अध्यापिका जैसे सत्येंद्र कुमार पांडे, जीपी साहू, राजेंद्र सिक्का, प्रमोद कुमार, प्रशांत गायकवाड, स्मिता मुर्मू, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा राघवेंद्र सोनार, संदीप मालवीय, रंजन उपाध्याय, कांतिलाल पटेल, सरजू तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी ओर स्काउट गाइड के छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। पालक, शिक्षक परिषद के सदस्य गठन की बैठक में बड़ी संख्या में पालकों की भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अध्यापक प्रमोद कुमार ने किया, जिसके साथ ही इस अत्यंत सफल आयोजन का गरिमामय कार्यक्रम समापन हुआ।





खबर संक्षेप



पर्यूषण पर्व का पांचवां दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया

बलौदाबाजार। जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे दस दिवसीय पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान का पूजन-अभिषेक किया तथा धर्म आराधना में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म का महत्व बताते हुए कहा गया कि सत्य केवल वाणी से सच बोलना ही नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करना है। सत्य मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है और आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। जैन धर्म में सत्य को धर्म के प्रमुख स्वरूपों में स्थान दिया गया है। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य आशुतोष लोहड़िया एवं समस्त लोहड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं प्रथम चार कलश अभिषेक का पुण्यार्जन कैलाश मनोज पाटनी, जितेंद्र जैन कृष्णायन, परख जैन एवं मनोज दिव्यांश पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ।

खरोरा में गणेशोत्सव की धूम



खरोरा। नगर में इन दिनों गणेशोत्सव को लेकर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नगर में महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की आकर्षक झांकी तैयार की गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं, सिद्धिविनायक गणेश समिति द्वारा धन के देवता भगवान कुबेर के महल की भव्य झांकी बनाई गई है। दोनों समितियों द्वारा आकर्षक पंडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इन झांकियों को देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी पहुंच रहे हैं। गणेशोत्सव के चलते पूरे खरोरा नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु भगवान श्री गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

17 तक विकासखंडों में होंगे कार्यक्रम

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 20 सितंबर से 17 अक्टूबर तक नमो सेवा अनकही कहानियां संगीतमय नाटक प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर कार्यक्रम आयोजित कर सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

बेटियां शिक्षित होंगी तभी साकार होगा विकसित भारत का सपना: विक्रम कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

विकसित भारत सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे और उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन रहे। वहीं नगर पंचायत के, पार्षदों की भी उपस्थित रही कन्या शाला की प्राचार्य निरूपमा केशरवानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत 2047 रखा गया था। छात्राओं ने अपनी कल्पना और रंगों से विकसित भारत का सपना कैनवास पर उकेरा। किसी ने चंद्रयान की सफलता को दिखाया, तो किसी ने डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर बनाई। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन, सेवा संकल्प, विकसित भारत, नारी शक्ति और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। छात्राओं के भाषण सुनकर अतिथियों ने उनकी खूब सराहना की।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस आयोजन से पूरे विद्यालय में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बन गया। पालकों ने भी इस पहल की सराहना की है।

भटगांव कन्या शाला में प्रतियोगिताएं आयोजित, परिसर में रोपे गए पौधे



विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

मुख्य अतिथियों, प्राचार्य और छात्राओं ने मिलकर विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, आम और गुलमोहर के पौधे लगाए। इस दौरान छात्राओं को पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी बताया गया। सभी छात्राओं ने अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखभाल करने का संकल्प लिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत कन्या शाला में आयोजित यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। मैं सभी बेटियों को बधाई देता हूं जिन्होंने पेंटिंग और भाषण के माध्यम से विकसित भारत का इतना सुंदर चित्रण किया है। हमारी सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के मंत्र पर काम कर रही है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारी बेटियां शिक्षित और सशक्त होंगी। नगर पंचायत भटगांव हमेशा शिक्षा और विद्यालय के विकास के लिए तत्पर है। मैं प्राचार्य और शिक्षकों को भी इस सुंदर आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार पटेल ने कहा कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव लगातार प्रगति कर रहा है। आज के इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया है, प्राचार्य निरूपमा केशरवानी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों का सीईओ जिला पंचायत ने किया निरीक्षण

अपूर्ण आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में हो पूरा: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋषिकेश तिवारी ने जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत उलखर, पासिद, माल्दा एवं सिंघनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत तिवारी ने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को सभी अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, यह सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।



लापरवाही पर जारी होगा नोटिस

निरीक्षण के दौरान योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले रोजगार सहायक सचिव एवं तकनीकी सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण की नियमित निगरानी करने, हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने तथा निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, सरपंच, तकनीकी सहायक, पीओ, एडीईओ, एपीओ एवं सीईओ जनपद पंचायत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नेशनल यूथ एंड एडवेंचर प्रोग्राम से लौटा स्काउट-गाइड दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के नेशनल यूथ एंड एडवेंचर प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित केदारनाथ-बद्रीनाथ दर्शन, ट्रैकिंग, प्रकृति अध्ययन एवं साहसिक गतिविधियों में सहभागिता के बाद स्काउट दल वापस लौटा। इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला भरूवाडीह कला, तिल्दा के एडवांस स्काउट मास्टर वीरेंद्र कुमार वर्मा तथा फ्रेंड्स क्लब रायपुर के चार सदस्य लीलाधर प्रसाद वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, नीतू वर्मा एवं ममता वर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान दल ने प्रोग्राम के एल ओ सी धनराज सैनी, यशपाल हुड्डा, सुमित चौहान, दिव्या, कन्हैया शर्मा, के कुशल मार्गदर्शन में केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम, भारत के प्रथम गांव माना के दर्शन किए तथा हिमालय क्षेत्र में ट्रैकिंग, प्रकृति अध्ययन और विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने पर्वतीय पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों तथा हिमालय की जैव-विविधता को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया। दल के वापस लौटने पर विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला, डी ओ सी असगर खान, ब्लॉक सचिव तोकसिंह वर्मा, संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके अनुभवों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में साहस, अनुशासन, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को और मजबूत किया।

प्रतिभा को मंच देना ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला का भव्य प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत एवं डिजिटल इंडिया की थीम पर आधारित चित्रों के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना को साकार किया, वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।

इस अवसर पर "विगत 25 वर्षों में भारत एवं आने वाले 25 वर्षों में भारत की संकल्पना विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार उत्कृष्ट चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन के साथ भव्य न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि "बच्चों की प्रतिभा को मंच देना और उन्हें राष्ट्र निर्माण की सोच से जोड़ना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि ऊगेंद्र देवांगन, रोजगार सहायक शाखाराम कोशले एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती की सक्रिय सहभागिता रही, वहीं एनजीओ कार्यकर्ता चंद्रिका कोशले एवं कुसुमलता का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों को ड्राइंग शीट, कलर पेन सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संत रविदास के संदेशों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

संत रविदास जी के संदेशों एवं सामाजिक समरसता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम परसवानी में सामाजिक समरसता कलश संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कलश यात्रा के गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिला मंत्री शिव कटारिया ने संत रविदास जी के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात तथा ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी मनुष्यों को समान मानने की प्रेरणा दी। उनका जीवन सादगी, भक्ति, कर्म और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं।बलराम मिर्जा ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज से भेदभाव मिटाकर आपसी प्रेम, भाईचारे और समानता को मजबूत करने का संदेश दिया। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए।

- परसवानी में सामाजिक समरसता कलश संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन



आपसी भाईचारे और समानता बनाए रखने का लिया संकल्प

अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष महिश जांगड़े ने भी सामाजिक एकता और समरसता के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और समानता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रामकुमार साहू ने किया। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष कृति वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, गजेंद्र वर्मा सरपंच, प्रेमलाल उपसरपंच, बलराम मिर्जा, डांसिंग वर्मा, सहदेव वर्मा, अमरनाथ वर्मा, ढेलसिंह वर्मा, नरेंद्र साहू, भूषण वर्मा, सीताराम साहू, लखन लसेल, तिलक वर्मा, मनोहर चोवा, राम वर्मा, हेमलता वर्मा, उमा वर्मा, शांति वर्मा, दुर्वासा वर्मा, बाबूलाल वर्मा, तूकल दांडेकर, रामकुमार वर्मा, मुरारी वर्मा, बसंत वर्मा, देवासी वर्मा, राजू वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, गजेंद्र वर्मा, पंच महादेव वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाटापारा स्कूल में स्पर्धा व पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा, शिक्षकगण, मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्र, जनप्रतिनिधि, पालक एवं शाला विकास समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पालकों ने सहभागिता की। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर पालकों एवं शिक्षकों के बीच सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने छात्रों की प्रस्तुतियों एवं विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा ने कहा कि विद्यालय, पालक एवं समाज के समन्वित प्रयासों से छात्रों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलती है।



शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में सेवा संकल्प के तहत दीप प्रज्वलित



सिमगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सिमगा में सेवा संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर कमल सोनी, प्राचार्या शोभा सोनी, उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी एवं व्याख्याता स्मिता सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सेवा, समर्पण, स्वच्छता, शिक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों ने समाजहित में सकारात्मक योगदान देने और जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लिया। डायरेक्टर कमल सोनी ने कहा कि सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्राचार्या शोभा सोनी ने विद्यार्थियों को सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी एवं व्याख्याता स्मिता सोनी ने भी सेवा भावना के महत्व पर विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।



राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी स्पर्धा के लिए जिले की टीम घोषित

ट्रायल में 75 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बलौदाबाजार जिले की टीम का चयन ट्रायल जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया। ट्रायल में बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा, भाटापारा और पलारी विकासखंडों से करीब 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन ट्रायल का शुभारंभ वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलौदाबाजार प्रीति बंछोर, जिला कबड्डी संघ के संरक्षक धीरज बाजपेयी एवं अध्यक्ष आयुष्मान बाजपेयी ने किया। श्रीमती बंछोर ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जिले में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं धीरज बाजपेयी ने खिलाड़ियों से कबड्डी की बारीकियां साझा करते हुए चयनित टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। चयनित खिलाड़ी 2 से 4 अक्टूबर तक कवर्धा जिले के पंडरिया में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारियों, निर्णायकों एवं चयन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर शिवकुमार बांधे, दारिका लाल फेकर, भोला वर्मा, मालिक राम नेताम, लखन प्रधान, टीकाराम यदु, संतोष साहू, मनीष ध्रुव, लक्ष्मी प्रसाद चौहान, रमेश ध्रुव, रामखिलावन, धनेश्वर साहू, रमेश यदु चंदहास सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष आयुष्मान बाजपेयी ने चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी संघ के सचिव संतोष कुमार ध्रुव ने दी।



